## महत्वपूर्ण एवं खास

### कलेक्टर ने किया गेवरा खदान का अवलोकन

कोरबा(आरएनएस)। कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने गुरुवार को एसईसीएल गेवरा कोयला खदान क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहां कोयला उत्पादन, परिवहन व आनलाईन मानिटरिंग व्यवस्था का जायजा लेते हुए खदान क्षेत्र में खाली पड़े भूखंड में पौधारोपण करने, कोल परिवहन वाले सड़कों में उड़ने वाले धूल को रोकने नियमित पानी का छिड़काव करने स्प्रिंकलर लगाने का सुझाव देते हुए खदान क्षेत्र में सुरक्षा, कोयला परिवहन आदि के संबंध में गेवरा महाप्रबंधक एसके पाल से चर्चा की।

कलेक्टर ने सावेल के माध्यम से कोयला उत्खनन व डंपर के माध्यम से परिवहन व्यवस्था देखी। उन्होंने साइलो का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने खदान के अंदर कोयला उत्खनन क्षेत्र परिसर में बड़े-बड़े चट्टानों से किसी भी प्रकार से दुर्घटना घटित न हो इसके लिए चट्टानों को हटाने का सुझाव दिया। उन्होंने माईस क्षेत्रों के सभी कोयला परिवहन वाले गेटों में इलेक्ट्रानिक कांटा ब्रिज लगाने, कोल परिवहन में लगे सभी गाड़ियों में जीपीएस ट्रेकिंग लगाने, गेवरा खदान के उपर एवं आसपास की बस्तियों में ब्लास्टिंग से किसी प्रकार का नुकसान न हो इसके लिए सावधानीपूर्वक ब्लास्टिंग कराये जाने सुझाव दिये।

### कालेज की छात्राओं ने व्यवसायियों से की मतदान करने अपील

कोरबा (आरएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित किए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान में युवा वर्ग का विशेष योगदान परिलक्षित हो रहा है। इस कड़ी में शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने स्वीप प्रभारी डॉ. नम्रता शर्मा एवं वरिष्ठ प्राध्यापक श्रीमती संध्या पाण्डेय के साथ महाविद्यालय के स्वीप कैम्पस एंबेसडर दीपक भास्कर की अगुवाई में साप्ताहिक बुधवारी बाजार में छोटे सब्जी, मछली, मटके बेचने वालों के साथ ही बाजार में खरीदारी करने आए लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए शपथ पत्र भरवाया। महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा स्थानीय छत्तीसगढ़ी बोली में मतदान के लिए आग्रह किया गया। भरी दोपहरी में छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के इस प्रयास की बाजार में उपस्थित लोगों ने प्रशंसा करते हुए सराहनीय कार्य बताया। महाविद्यालय की छात्राओं के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए प्राचार्य डॉ. तारा शर्मा ने कहा कि युवा पीढ़ी को देश के इस महापर्व पर अपना यथाशक्ति योगदान देना चाहिए।

### वन चौकीदार को दो भालुओं नोंचकर मार डाला

महासमुंद। पिथौरा वन परिक्षेत्र के ग्राम जम्हर में बुधवार की रात दो भालुओं ने खेत की रखवाली करने जाते समय वन चौकीदार पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया। सूचना मिलते ही वन अमला मौके पर पहुंचा। वन विभाग ने मृतक के परिजन को तात्कालिक सहायता के रूप में 25 हजार रुपए दिया। वन परिक्षेत्र अधिकारी जयकांत गंडेचा ने बताया कि जम्हर निवासी चमार सिंह पिता रेशम लाल गोंड़ (42) बुधवार रात गांव से लगे अपने खेत में मवेशियों को भगाने के लिए गय, तभी दो भालुओं ने उन पर हमला कर दिया। जब वह वापस नहीं लौटा तो परिजन सुबह चार बजे उन्हें तलाशते खेत की ओर गए तो खेत में उनका शव मिला। इसकी सूचना परिजनों ने वन विभाग को दी। वन विभाग ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

### बस्तर की जनता कांग्रेस को जीता कर दिल्ली पहुंचायेगी - लखमा

जगदलपुर (आरएनएस)। उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने सुकमा जिले के ग्राम नागारास के मतदान केंद्र में वोट डालने के बाद पत्रकारों से चर्चा में कहा कि बस्तर की सीट भारी मतों से जीतेंगे। क्योंकि कांग्रेस सरकार ने विधानसभा चुनाव में जीत के बाद जो-जो घोषणाएं की थी इसका पालन तीन महीने के भीतर काफी कुछ पूरा कर दिया है। जिसके चलते छत्तीसगढ़ वासियों का विश्वास भूपेश बघेल सरकार पर है। पहला चुनाव बस्तर में हुआ इसलिए यहां की जनता कांग्रेस को वोट देकर बस्तर की आवाज दिल्ली तक पहुंचायेगी। दीपक बैज युवा और तेजतर्रार विधायक हैं। जो सांसद बनने के बाद यहां की समस्याओं को दिल्ली तक पहुंचा कर जनहित के काम पूरा करेंगे। लखमा ने प्रदेश के सभी 11 सीट जीतने का दावा किया।

# नक्सली क्षेत्र माचकोट में 80 प्रतिशत मतदान

**जगदलपुर(आरएनएस)। बस्तर संसदीय चुनाव क्षेत्र के माचकोट क्षेत्र के मतदाताओं ने लोकतांत्रिक व्यवस्था पर अपना भरपूर भरोसा जताया और नक्सलियों को यह उत्तर दिया कि आतंक व बंदूक के बल पर क्षेत्र का विकास व लोगों की समस्याओं का हल नहीं निकाला जा सकता है।**



वरन प्रजातांत्रिक व्यवस्थाओं से ही आम आदमी की जीवन में खुशहाली आयेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस्तर संसदीय क्षेत्र के बस्तर जिले के अंतर्गत तिरिया, गुमलवाड़ा और माचकोट क्षेत्र में नक्सलियों के आतंक के बावजूद सघन मतदान हुआ। यह भी विशेष तथ्य है कि वन क्षेत्रों से आच्छादित माचकोट में सबसे अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने में कोई कमी नहीं रखी। यहां भी 80 फीसदी से ऊपर मतदान का प्रतिशत रहा।

उल्लेखनीय है कि सुरक्षा बलों की सतर्कता और जवानों की मुस्तैदी के कारण लोगों को नक्सलियों के आतंक से डर नहीं लगा और वे हर परिस्थिति का मुकाबला करने के लिए वोट डालने का कार्य करते रहे। इस क्षेत्र के ग्रामीणों ने यह भी बताया कि मतदान केंद्रों के आसपास नक्सलियों की सक्रियता भी देखी गई। इसलिए सुरक्षा बलों के जवान भी चौकस रहे। नक्सली दहशत के बाद भी अच्छा मतदान होना प्रजातांत्रिक व्यवस्थाओं के ऊपर भरोसा और सुरक्षा बलों की अतिरिक्त सतर्कता की ओर इशारा करता है।

## भाजपा की संचार क्रांति से जनता को 22 दिन का नुकसान- कांग्रेस

राजनांदगांव। लोक सभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी भोलाराम साहू को जीत दिलाने के लिए शहर कांग्रेस का जनसम्पर्क अभियान पूरी तेजी से चल रही है आज तुलसीपुर लेबर कॉलोनी ममता नगर क्षेत्र में जनसम्पर्क अभियान के दौरान शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने छ. ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री गिरीश देवांगन जी के सहमति से पिछे को कांग्रेस प्रवेश कराया।

कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि जनसम्पर्क के दौरान शहर जिला अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने भाजपा सरकार के डिजिटल इंडिया और संचार क्रांति को आड़े हाथो लेते हुए कहा कि केन्द्र की मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार नीजि कम्पनीयों के हाथ की कठपुतली बन कर काम कर रही है जनता की सुविधाओं से भाजपा सरकार को कोई सरोकार नहीं है। निजी कम्पनीयों का जाल जबसे संचार क्रांति पर पड़ा है, तब से मोबाईल रिचार्ज जो पहले निर्धारित दर पर 30 दिनों के लिए हुआ करता था वहा भाजपा राज में 28 दिन का कर दिया है प्रतिमाह दो दिन की कटौती के चलते जनता को एक साल में 22 दिनों का नुकसान सहना पड़ रहा है जो जनता पर आर्थिक बोझ दे रहा है। और तो और मोदी सरकार ने कुछ माह से अनलिमिटेड अवधी को समाप्त कर प्रतिमाह रिचार्ज कराने का बोझ भी जनता पर लाद दिया है इससे यह साबित होता है।

## उप्र के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी चुनावी प्रवास पर छग पहुंचे

**अंबिकापुर, जांजगीर-चांपा एवं अभनपुर में करेंगे चुनावी सभा को संबोधित**



रायपुर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को चुनावी दौरे पर छत्तीसगढ़ पहुंचे। वे विशेष विमान से लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से सीधे दरिमा एयरपोर्ट अंबिकापुर पहुंचे। यहां से वे हेलीकाप्टर द्वारा अंबिकापुर के पीजी कॉलेज मैदान पहुचेंगे, जहां वे भाजपा की चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इस सभा के पश्चात वे अंबिकापुर से जांजगीर-चांपा के लिए प्रस्थान करेंगे। जांजगीर-चांपा में भी वे सभा को संबोधित करेंगे। तत्पश्चात श्री योगी यहां से नयापारा विधानसभा अभनपुर जिला-रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। अभनपुर में आयोजित आमसभा को संबोधित करने के पश्चात वे रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट वापस लखनऊ के लिए रवाना होंगे।

## अबुझमाड़ में भी ग्रामीणों ने डाले अपने वोट



जगदलपुर(आरएनएस)। बस्तर संसदीय चुनाव क्षेत्र के अंतर्गत नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के दंडवन गांव में नक्सलियों द्वारा आईईडी ब्लास्ट किए जाने के बावजूद ग्रामीणों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और नक्सलियों की आतंक फैलाने की कोशिशों को नाकाम किया। यहां पर सामान्य रूप से मतदान का प्रतिशत 50 फीसदी से ऊपर रहा। इसके अलावा माड़ क्षेत्र में भी ग्रामीणों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिससे माड़ क्षेत्र के मतदाता भी प्रजातांत्रिक व्यवस्थाओं में शामिल हो गये।

उल्लेखनीय है कि नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ और नक्सलियों को ग्रामीणों ने अपने विकास के इरादे से परिचित करवाया। इस क्षेत्र के दंडवन क्षेत्र में तो मतदाताओं ने लाइन में लगकर तपती दोपहरी में मतदान के प्रति अपना उत्साह दिखाया। इसके अलावा कई मतदाता लंबी दूरी तय कर पैदल चलकर 36 अलग-अलग अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों तक पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## छत्रपति शिवाजी टर्मिनल मुम्बई से शालीमार के मध्य 11 फेरो के लिए समर स्पेशल ट्रेन की सुविधा



बिलासपुर(आरएनएस)। ग्रीष्मकालीन की छुटियों में मुम्बई-हावड़ा मार्ग की गाड़ियों में होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन के द्वारा छत्रपति शिवाजी टर्मिनल मुम्बई से शालीमार के मध्य 11 फेरों के लिए 02041/02042 मुम्बई-शालीमार-मुम्बई समर स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। यह समर स्पेशल ट्रेन छत्रपति शिवाजी टर्मिनल मुम्बई से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 20 अप्रैल, 2019 से 29 जून, 2019 तक 02041 नम्बर के साथ तथा शालीमार से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 22 अप्रैल,2019 से 01 जुलाई, 2019 तक 02042 नम्बर के साथ चलेगी।

इस समर स्पेशल ट्रेन में 03 एसएलआर, 02 सामान्य, 07 स्लीपर, 02 एसी-III एवं 01 एसी-II सहित कुल 15 कोच रहेगी।

इस गाड़ी की विस्तृत समय-सारणी निम्नानुसार है।

## प्रत्याशियों को चुनाव से पहले 3 बार देनी होगी चुनाव खर्च की जानकारी

**खर्च का रजिस्टर प्रस्तुत करने के लिए तिथियां निर्धारित**

रायपुर(आरएनएस)। रायपुर लोकसभा निर्वाचन हेतु चुनाव लड़ रहे सभी 25 प्रत्याशियों को चुनाव के प्रचार-प्रसार व अन्य खर्चों का तीन बार ब्यौरा लेखांकन दल के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. बसवराजु एस. ने सभी प्रत्याशियों को उनके चुनावी खर्च का ब्यौरा प्रस्तुत करने हेतु तिथि निर्धारित करते हुए निर्धारित समय-सीमा में व्यय की जानकारी देने के लिए कहा है। प्रत्याशियों को निर्धारित तिथियों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक कलेक्टोरेट परिसर स्थित पुराना डी.आर.डी.ए. भवन के भू-तल में स्थित लेखांकन दल के समक्ष व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करने को कहा गया है।

चुनावी खर्च का ब्यौरा जमा करने के लिए जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रमोद दुबे, संतोष यदु, अजय चकोले, छबिलाल कंवर, देवकी दुबे, बनमाली छुरा, विजय कुमार कुर्रे, टार्जन जांगड़े, प्रितेश पाण्डेय, मनीष श्रीवास्तव, रामदयाल डहरिया, शंकरलाल वरदानी और संजु कुमार यादव के लिए 12, 16 व 20 अप्रैल की तिथि निर्धारित की गई है। इसी तरह सुनील सोनी, खिलेश कुमार साहू, इकराम सैफी, तामेश्वर साहू, देवेन्द्र कुमार पाटिल, योगिता बाजपेयी, शैलेन्द्र कुमार बंजारे, नवीन गुप्ता और प्रवीण जैन को 13, 17 व 21 अप्रैल 2019 को अपना व्यय रजिस्टर प्रस्तुत करना होगा। जो प्रत्याशी व्यय का रजिस्टर निर्धारित तिथि व समय में प्रस्तुत नहीं करेंगे उन्हें व्यय रजिस्टर

## एमजीएम स्कूल में कैपिटेशन फीस को लेकर बिलासपुर हाईकोर्ट ने दिया बड़ा फैसला

भिलाई/बिलासपुर(आरएनएस)। भिलाई के एमजीएम स्कूल पर कैपिटेशन फीस के नाम पर छात्रों से मनमानी राशि वसूलने का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका प्रस्तुत की गई थी। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता ने बताया कि राज्य सरकार ने इस विषय को संजीदगी से लेते हुए पहले ही प्रदेश के सभी जिला शिक्षाधिकारियों को ऐसी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके बाद हाईकोर्ट ने जनहित याचिका निराकृत कर दी है।

## शाह विशेष विमान से ओडिशा से सीधे रायपुर पहुचेंगे

**हेलीकाप्टर से डोंगरगांव जाएंगे, करेंगे चुनावी सभा को संबोधित**



रायपुर (आरएनएस)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह चुनावी दौरे पर आज छत्तीसगढ़ आ रहे है। वे राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष आज सुबह ओडिशा के राउरकेला जाएंगे। यहां अपरान्ह 3.05 बजे विशेष विमान से रायपुर छग के लिए उड़ान भरेंगे। रायपुर पहुंचेंगे के बाद श्री शाह हेलीकाप्टर से सीधे राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव जाएंगे, जहां वे चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। श्री शाह प्रदेश में दूसरे चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए यहां पहुंचे रहे है। वे राजनांदगांव लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार को जीताने के लिए यहां की जनता से अपील करेंगे। श्री शाह की सभा में राजनांदगांव के भाजपा प्रत्याशी के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. रमन सिंह, अभिषेक सिंह सहित अन्य कई भाजपा के वरिष्ठ नेता भी शामिल होने की संभावना है।

## सराफा व्यापारी को आयकर अधिकारी ने जड़ा थप्पड़, मामला पहुंचा थाने

भिलाई(आरएनएस)। व्यापारिक लेनदेन का पेमेंट छोड़ने गए दुर्ग के एक व्यापारी को आयकर अधिकारी ने थप्पड़ जड़ दिया। व्यापारी तो वापस दुर्ग आ गया। लेकिन दुर्ग-भिलाई सराफा व्यापारियों ने घटना को लेकर रायपुर पहुंचे। उन्होंने संबंधित पुलिस थाने में शिकायत की है।

जानकारी के मुताबिक, दुर्ग सराफा व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रकाश सांखला की ज्वेलर्स की दुकान है। जहां उनका साला मोहित जैन भी साथ ही काम करता है। दुकान के लेनदेन की रकम छोड़ने मोहित बुधवार को रायपुर पगारिया ज्वेलर्स गया था। तभी वहां आयकर विभाग की रेड पड़ी। आयकर अधिकारी ने मोहित से भी रुपयों के संबंध में पूछा, तब मोहित ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। आयकर




अधिकारी से उलझ गया। जिस पर अधिकारी ने मोहित को दुकान में ही थप्पड़ जड़ दिया। थप्पड़ की गूंज दुर्ग पहुंची तो पूरा सराफा एकजुट होकर गुरुवार को हलवाई लाइन रायपुर स्थित थाने में आयकर अधिकारी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

## तपती धूप में गौ माताएं सड़कों पर भटक रहीं, नहीं किसी का ध्यान

**गौ शालाओं के जरिये प्रचार-प्रसार करने वाले मैदानी क्षेत्रों से गायब**

रायपुर (आरएनएस)। कड़कड़ाती गरमी में पारा 42 डिग्री पार होते ही मनुष्य के साथ पशु-पक्षी में भी बेचैनी का आलम है। शहर के सभी नये पुराने क्षेत्रों में चैत्र की तपती दोपहरी में गौ माताएं सड़कों पर भटकती हुई दिखाई देती है। ज्यादातर गौ माताएं पानी की तलाश में ही सड़कों पर आस पास के घरों को निहारते हुए निकलती है। शहर सहित प्रदेश में अनेक गौशालाओं के संचालकों द्वारा गौ सेवा के नाम पर लाखों रुपये अनुदान शासन से मिलता



है। बावजूद इसके अनेक पशु प्रेमियों के अनुसार गौ माताएं सड़कों पर तपती दोपहरी में भटक रही है। ज्ञातव्य है कि अनेक गौ पालकों द्वारा गौ माता के दूध देते तक ही उनकी सेवा की जाती है। गौ माता के दूध देना बंद करते ही गौ पालकों द्वारा सड़कों पर बेसहारा उन्हें भटकने के लिए छोड़ दिया जाता है। उक्त स्थिति पर कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए पं. विनीत शर्मा ने शासन में बैठे जिम्मेदारों से किसी भी दशा में सड़कों पर भटकती गौ माताओं के मालिकों पर कड़ी कार्यवाही की मांग मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से की है। उल्लेखनीय है कि गौ शालाओं के संचालकों द्वारा आए दिन श्रीमती माधुरी शर्मा के अनुसार लंबे-लंबे समाचार अखबारों में छपाकर गौ सेवा का दावा किया जाता है जबकि वास्तविक स्थिति में मैदानी क्षेत्रों में भटकती हुई गौ माताओं का हाल चाल देखने वाले परिदृश्य से गायब है।